रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:86 | मंगलवार,02 दिसंबर | Email:vananchaleye@gmail.com



## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली ब्लास्ट के बाद जम्मू-कश्मीर व यूपी में एनआईए की छापेमारी

एजेंसी

एजेंसी ने दिल्ली कार बम ब्लास्ट मामले में अपनी जांच के तहत सोमवार को जम्मू- कश्मीर और उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी और संदिग्धों के ठिकानों से विभिन्न डिजिटल उपकरण और अन्य आपराधिक सामग्री बरामद की गई। जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम, पुलवामा और अवंतिपोरा जिलों में कुल आठ स्थानों और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक स्थान पर तलाशी ली गई। इससे पहले 26 और 27 नवंबर को एनआईए ने प्रमुख आरोपियों डॉ.मुझम्मिल शकील गनी और डॉ. शाहीन सईद के फरुर्खाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी परिसर और अन्य ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान बड़ी मात्रा में नकद, विदेशी मुद्रा, सोना और अन्यआपराधिक सामग्री बरामद हुई।

### बिहार विस अध्यक्ष पद के लिए डॉ. प्रेम कुमार ने किया नामांकन

एजेंसी

पटना : बिहार में विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए एनडीए ने भाजपा विधायक डॉ. प्रेम कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। डॉ प्रेम कुमार नेसोमवार को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। प्रेम कुमार का विधानसभा अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। मंगलवार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने की उम्मीद जताई जा रही है। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन के नेताओं के फैसले का स्वागत करते हुए मैंने नामांकन कर दिया है। मंगलवार को इसका फैसला होगा परिणाम आएगा और औपचारिकताएं पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की यही खूबसूरती है, जहां सभी को अधिकार होता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय लगभग 35 वर्षों से सदन को देख रहे हैं। सभी को साथ में लेकर सदन को सुचारु रूप से चलाया जाएगा। डॉ प्रेम कुमार गया शहर से लगातार नौ बार विधायक रहे हैं। वे 1990 से अब तक हर चुनाव जीततेआ रहे हैं।

### झारखंड विधानसभा का सत्र 5 दिसंबर से

संवाददाता

रांचीः झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर तक चलेगा। इस बार कुल पांच कार्यदिवस तय किए गए हैं। सत्र शुरू होने से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी रणनीतिक बैठकों से राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है।

### 'उभरते तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों से सुरक्षा, चुनौतियां एवं आगे की राह' विषय पर मंत्री इरफान अंसारी बोले-

# युवा को नशे की जद से बाहर रखना हमारी जिम्मेदारी

संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) में सोमवार को 'उभरते तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों से सुरक्षा, चुनौतियां एवं आगे की राह' विषय पर राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. इरफान अंसारी ने युवाओं को नशे से दूर रहने की हिदायतें दी। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति को नशे की जद से बाहर रखना हमारी जिम्मेदारी है। यहां बैठे युवा कल के वकील



और जज हैं। समाज आप सभी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखता है। नशे की लत में सैकड़ों जानें जा रही हैं, इसलिए विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीनों के समन्वित प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि सशक्त कानून तभी असरदार होते हैं, जब उनका ईमानदारी से पालन और क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विशिष्ट अतिथि डॉ. एल स्वस्तिचरण, उप महानिदेशक एवं निदेशक, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में उभरते निकोटिन उत्पादों के नियमन की चुनौतियों, खामियों और आगे की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कानून प्रवर्तन और जागरूकता को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।सेमिनार का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू एवं निकोटिन के खतरनाक प्रभावों के प्रति जागरूक करना, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना तथा निकोटिन पाउच जैसे उभरते उत्पादों के वैश्विक नियामक अनुभवों को साझा करना था। मौके पर उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता के रंजीत सिंह ने ईसि गरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रवर्तन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और समाधान पर चर्चा की। वंदना शाह ने निकोटिन पाउच के वैश्विक नियामक ढांचे और विभिन्न देशों में लागू नीतियों की जानकारी दी। प्रवीण सिन्हा ने उभरते तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों के स्वास्थ्य जोखिमों और वैश्विक ट्रेंड्स पर महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। गौरव गुप्ता, सीनियर रिसर्च कंसल्टेंट ने नशे को लेकर भारत में किए गए।

### संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, मीडिया से प्रधानमंत्री मोदी बोले-

# ड्रामा नहीं, डिलीवरी की जरूरत

एजेंसी

नई दिल्ली :सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और 'वोट चोरी' के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। कहा कि विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हूं कि कैसे परफॉर्म किया जाए। पीएम ने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी की जरूरत है। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं। उपराष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद पहली बार राज्यसभा के सपापति सीपी राधाकृष्णन ने आसन ग्रहण किया।

## दोनों सदनों में एसआईआर और 'वोट चोरी' के मुद्दे पर विपक्ष ने किया हंगामा





### बिलों पर रिपोर्ट पेश करने के लिए मिला और समय

लोकसभा ने सोमवार को दो संसदीय समितियों को दिवाला कानून और जन विश्वास प्रावधान संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए और समय दिया। सदन ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संसदीय समिति को शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन तक का समय दिया है। यह बिल लोकसभा में पेश किए जाने के तुरंत बाद 12 अगस्त को समिति को भेज दिया गया था। लोकसभा ने एक अन्य संसदीय समिति को जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक,

प्रधानमंत्री सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला।

### पूर्व सांसदों के निधन पर जताया गया शोक

सत्र की शुरूआत में लोकसभा में पूर्व सांसद कर्नल सोना राम चौधरी, विजय कुमार मल्होत्रा, रवि नाइक, धर्मेंद्र और श्रीप्रकाश जायसवाल सहित 5 पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक जताया गया। सदन ने उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शोक प्रस्ताव के बाद जैसे ही सदन की नियमित कार्यवाही शुरू हुई और विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे को लेकर हंगामा करते हुए अध्यक्षीय आसन (वेल) के पास आ गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि सदन चर्चा और संवाद का मंच है और इसे शांतिपूर्वक चलने देना चाहिए, लेकिन उनकी अपील का असर नहीं हुआ और विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे।सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 41,455 करोड़ रुपए के अतिरिक्त खर्च के लिए लोकसभा से मंजूरी मांगी है। लोकसभा ने मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पास कर दिया है। यह विधेयक अध्यादेश की जगह लेगा। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 2 दिसंबर तक के लिए स्थगित हो गई। यह मंगलवार सुबह 11:00 बजे फिर से शुरू होगी।2025 पर अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह के अंतिम दिन तक का समय दिया। सरकार ने 18 अगस्त को यह बिल पेश किया था, जिसे बाद में संसदीय समिति को भेज दिया गया था।

# पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, फिर खुद का काट लिया गला

संवाददाता

रांचीःसोमवार को जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के रिंगरोड स्थित हेहल टोल प्लाजा के पास बड़ी घटना हो गई। आपसी विवाद में पति लल्लू करमाली ने पहले अपनी पत्नी ममता देवी की धारदार हथियार से मारकर निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद उसने उसी हथियार से खुद का गला काट लिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन मेंगंभीर अवस्था में लल्लू करमाली को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, लल्लू और ममता ने लव मैरिज की थी। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा था। लल्लू टोल प्लाजा पर काम करता था। वहीं पर उसका घर भी था। इसी दौरान सोमवार को विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने आवेश में आकर अपनी पत्नी



- अनगड़ा थाना क्षेत्र के रिंगरोड स्थित हेहल टोल प्लाजा के पास हुई वारदात
- दोनों की हुई थी लव मैरिज, लंबे समय से चल रहा था आपसी विवाद
- जिस धारधार हथियार से की हत्या, उसी से अपने ऊपर किया वार

पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पति ने घटनास्थल से भागने की कोशिश नहीं की, बल्कि उसने उसी धारदार हथियार का इस्तेमाल कर खुदका गला काट लिया।

### सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान दिया आदेश

# अब सीबीआई करेगी डिजिटल अरेस्ट की जांच

## राज्य सरकारों को जांच एजेंसी की मदद करने का दिया गया निर्देश

एजेंसी

नई दिल्लीःसोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच का दायित्व सौंपा है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने कभी निर्देश जारी किया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो-ऑडियो कॉल के



जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं औरसीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे 'आयरन हैंड' से निपटने लायक गंभीर 'राष्ट्रीय समस्या' बताया था। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपती से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को तत्कालीन सीजेआई बीआर गवई को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी।



### रांची से रवाना हुई भारत व साउथ अफ्रीका की टीम, एयरपोर्ट बना फैन जोन

बल्ले और गेंद से दम दिखाने के बाद सोमवार को भारत और साउथ अफ्रीका की टीम रांची से रवाना हो गई। सुबह से ही बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के बाहर भारी भीड़ इकट्ठा होने लगी। जर्सी पहने युवा, टीम इंडिया का झंडा लहराते छोटे बच्चे और मोबाइल कैमरा ऑन किए फैंस, हर कोई बस एक ही उम्मीद लेकर पहुंचा था कि वह अपने पसंदीदा खिलाड़ी की एक झलक पा सकें। एयरपोर्टके मेन गेट से लेकर वीआईपी लाउंज तक फैंस का हुजूम ऐसा लग रहा था मानो रांची में एक और मैच शुरू होने वाला है।

## दित्वा तूफान | श्रीलंका की मदद के लिए आगे आया भारत, चलाया ऑपरेशन सागर बंधु

# विभिन्न देशों के 150 से अधिक लोगों को बचाया, 2 हजार भारतीयों को निकाला

एजेंसी

नई दिल्लीः तूफान दित्वा से आई भीषण बाढ़ और जानमाल के नुकसान का सामना कर रहे श्रीलंका को मदद के लिए तीन दिन से जारी सहायता अभियान ऑपरेशन ह्यसागर बंधु में अब तक 53 टन राहत सामग्री भेजने के साथ ही विभिन्न देशों के 150 से अधिक लोगों को बचाया है। इसके अलावा खराब मौसम के कारण फंसे हुए 2 हजार से अधिक भारतीयों को स्वदेश लाया गया है। विदेश मंत्रालय ने 28 नवंबर से चल रहे ऑपरेशन ह्यसागर बंधु में अब तक के राहत एवं बचाव कार्य की सोमवार को यहां जानकारी दी। भारत ने श्रीलंका में राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन में मदद



के लिए विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया है। मंत्रालय का कहना है कि भारत जरूरत के समय में श्रीलंका की सरकार और लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है और बचाव राहत और जल्द से जल्द सामान्य जीवन की बहाली के लिए हर संभव सहायता दे रहा है। मंत्रालय ने बताया कि बचाव कार्य में सुरक्षित निकाले गए नागरिक श्रीलंका, भारत, जर्मनी, स्लोवेनिया, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, पोलैण्ड, बेलारूस, ईरान, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश के थे। फंसे भारतीय नागरिकों को भी भारतीय वायुसेना के विशेष विमानों के साथ-साथ वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से निकाला गया। भारत की ओर से श्रीलंका को अबतक कुल 53 टन राहत सामग्री भेजी गई है। सबसे पहले आगे आते हुए भारत ने ने तुरंत कोलंबो में भारतीय नौसेना के दो जहाजों से 9.5 टन राशन दिया और 31.5 टन राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए भारतीय वायुसेना के तीन विमान भेजे। ऑन-साइट ट्रेनिंग के लिए 5 लोगों की मेडिकल टीम, और बचाव के कामों में मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 80 लोगों की स्पेशल अर्बन सर्च एंड रेस्क्यू (यूएसएआर) टीमें भेजी गईं। भारतीय नौसैनिक पोत सुकन्या पर 12 टन अतिरिक्त राहत सामग्री भेजी गई। श्रीलंकाई वायु सेना के साथ समन्वय में, आईएनएस विक्रांत पर तैनात चेतक हेलीकॉप्टरों और भारतीय वायु सेना के एमआई.-17 हेलीकॉप्टरों ने व्यापक बचाव अभियान चलाया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और गंभीर रूप से घायल लोगों सहित फंसे हुए लोगों को निकाला गया।

### रांची में रेस्टोरेंट कारोबारी ने की आत्महत्या

# भारी कर्ज में डूबे हुए थे शंकर नारायण, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

रांची : रांची के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट कुप्पुस्वामी के मालिक शंकर नारायण ने सोमवार को कांके थाना क्षेत्र के जगतपुरम कॉलोनी स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। उनका शव घर के कमरे से बरामद किया गया। सूचना मिलने पर कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पुलिस निगरानी में नीचे उतारा गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से सुसाइड नोट की तलाश जारी है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शंकर नारायण पिछले कुछ समय से भारी कर्ज में डूबे हुए थे, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे। कर्ज का



दबाव उनकी आत्महत्या की मुख्य वजह बताई जा रही है। शंकर मूल रूप से केरल के रहने वाले थे। उनके बड़े भाई वेलाई का भी रांची के हजारीबाग रोड पर होटल का व्यवसाय है। वेलाई ने बताया कि दोनों भाई हर साल गांव के मंदिर में होने वाली पूजा में शामिल होने के लिए केरल जाते थे, लेकिन इस बार शंकर नहीं गए। पहले ही कर्ज को लेकर उनकी चिंता साफ दिख रही थी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और पूरे मामले की विस्तृत छानबीन की जा रही है।

# आधुनिक युग में गीता की बढ़ती प्रासंगिकता पर मारवाड़ी कॉलेज में मंथन



**रांची, संवाददाता ।**

मारवाड़ी महाविद्यालय में सोमवार को संस्कृत एवं दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गीता जयंती समारोह में वक्ताओं ने श्रीमद्भगवद्गीता की आधुनिक युग में प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन का शाश्वत मार्गदर्शक है, जो व्यक्ति को कर्म, निष्ठा, सत्य, धैर्य और समत्व के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है. उन्होंने श्रीकृष्ण के उपदेश ह्लकर्मण्येवाधिकारस्तेह्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण समय में विद्यार्थी जीवन के लिए परिश्रम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा ही सफलता की कुंजी है.

दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शशि शेखर दास ने कहा कि गीता मन, प्रकृति, ऊर्जा तथा मानव-व्यवहार को वैज्ञानिक दृष्टि से समझाती है. ध्यान-योग को आज मस्तिष्क-विज्ञान भी तनाव-नियंत्रण के लिए प्रभावी मानता है. उन्होंने कहा कि समत्व का सिद्धांत जीवविज्ञान के संतुलन से भी मेल खाता है, जिससे गीता अध्यात्म और विज्ञान का सुंदर सामंजस्य प्रस्तुत करती है. कार्यक्रम में बांग्ला विभाग के अध्यक्ष डॉ. वैद्यनाथ कुमार ने गीता के कर्मयोग सिद्धांत की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब व्यक्ति लोभ, मोह, भय और स्वार्थ से मुक्त होकर समाजहित में कर्म करता है तो उसका जीवन शांत, शुद्ध और उद्देश्यपूर्ण बन जाता है. कॉमर्स विभाग के शिक्षक डॉ. अंकित शर्मा ने कहा कि गीता के अठारह अध्याय जीवन के विभिन्न आयामों—ध्यानयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्ति योग और संन्यासयोग—की सारगर्भित आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करते हैं, जो मानव जीवन को ज्ञान, सत्य और प्रकाश से आलोकित करते हैं. धन्यवाद ज्ञापन में संस्कृत विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. रंजू लाल ने कहा कि गीता केवल आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन-दर्शन, मानसिक संतुलन और कर्तव्यनिष्ठ जीवनशैली का संपूर्ण मार्गदर्शक है, जिसकी प्रासंगिकता आज और बढ़ गई है.

# सदर अस्पताल में राज्य स्तरीय एड्स दिवस समारोह, युवाओं ने दिया जागरुकता का संदेश



**रांची, संवाददाता ।**

विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर 1 दिसंबर को सदर अस्पताल रांची के ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, क्अर ने शामिल हुए और युवाओं से एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक जागरुकता फैलाने की अपील की. अभियान निदेशक ने कहा कि झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति लगातार एचआईवी की रोकथाम और जांच को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है. उन्होंने कहा कि इन अभियानों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर उनकी एचआईवी जांच कराई जा सकती है, जिससे संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी. उन्होंने रक्तदान अभियान का भी विशेष उल्लेख किया और युवाओं से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की ताकि राज्य में रक्त की कमी को दूर किया जा सके. कार्यक्रम में शामिल राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश प्रसाद ने कहा कि एचआईवी के कारणों और बचाव को लेकर आम लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है.

उन्होंने कहा कि एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों के प्रति भेदभाव समाप्त होना चाहिए और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए. अपर परियोजना निदेशक डॉ. एस. एस. पासवान ने बताया कि झारखंड में वर्तमान में 65 आईसीटीसी केंद्रों के माध्यम से जांच और काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है. इसके अलावा राज्य में 13 एआरटी केंद्र संचालित हैं, जहां एचआईवी संक्रमित लोगों को मुफ्त इलाज और दवा उपलब्ध कराई जाती है. उन्होंने बताया कि सरकार एचआईवी संक्रमित लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए कई योजनाओं का लाभ भी दे रही है. सिविल सर्जन रांची डॉ. प्रभात कुमार ने नर्सिंग कॉलेजों और अन्य संस्थानों के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की. उन्होंने कहा कि युवाओं के बीच एड्स को लेकर बढ़ती जागरुकता यह संकेत देती है कि नियमित प्रयासों से इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है.

कार्यक्रम के दौरान सदर अस्पताल रांची और एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमशेदपुर को रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया. रिम्स रांची और एमजीएम जमशेदपुर के आईसीटीसी केंद्रों को बेहतर जांच सुविधा के लिए सम्मान मिला. एआरटी केंद्रों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भी एमजीएम और रिम्स को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में संत जेवियर कॉलेज रांची व कई नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से एचआईवी जागरुकता का संदेश दिया. नाटकों के माध्यम से एड्स से बचाव, भेदभाव कम करने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया. विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर 30 नवंबर को सदर अस्पताल से मिशन चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें छात्रों ने भाग लेकर आम लोगों को एड्स और एचआईवी संक्रमण के खतरों के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, उ्र सदर अस्पताल डॉ. विमलेश कुमार, संयुक्त निदेशक CST डॉ. बादल चंद्र भकत, संयुक्त निदेशक IEC रवि प्रकाश सिंह, उपनिदेशकों समेत स्वास्थ्य विभाग और एड्स नियंत्रण समिति के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# ट्राइबल कॉलम की मांग को लेकर दिल्ली में 25 फरवरी को होगा विशाल प्रदर्शन: अरविंद



**रांची, संवाददाता ।**

राष्ट्रीय आदिवासी -इंडीजीनस धर्म समन्वय समिति, भारत के द्वारा - जनगणना प्रपत्र में आदिवासियों/जनजातियों के अस्तित्व, आस्था और पहचान के लिए ₹ट्राइबल कॉलम₹ पुनः बहाल कराने हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया. संगठन के मुख्य संयोजक अरविंद उरांव ने कहा कि आगामी 25 फरवरी 2026 को जंतर-मंतर, नई दिल्ली में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा. राष्ट्रीय सह संयोजक राजकुमार कुंजाम ने कहा कि देश के सभी राज्यों से आदिवासी समुदाय के लोग हजारों की संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि देश में लगभग 800 विभिन्न जनजाति निवास करती है. सभी आदिवासी समुदाय की अलग-अलग धार्मिक आस्था है. जिसमें सरना, गोंडी, भीली, सारी, ढोंनी पोलो, बारिथे, सनामाही, बाथउ...... आदि धर्म है. धर्म को बरकरार रखते हुए अलग ट्राईबल कॉलम दिया जाए?. जिसमें अपनी धर्म को उस कॉलम में दर्ज कर सकेंगे. झारखंड की महिला नेत्री निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि हर दस वर्ष में देश में जनगणना की जाती थी परन्तु केन्द्र सरकार ने सोलह साल बाद देश में जनगणना की घोषणा की है. आदिवासी समुदाय के लिए जनगणना प्रपत्र में अलग कॉलम नहीं है. तामिलनाडु से आए एस तेन्नारासू ने कहा कि 1931 से 1951 तक जनगणना में ट्राईबल कॉलम था. उसे पुनः लागू किया जाए. साउथ रीजन के सभी राज्यों में ट्राईबल कॉलम बहाल कराने की मांग जारी है.

# अलका लांबा का भाजपा और चुनाव आयोग पर जोरदार हमला, बोलीं - सड़क से संसद तक लड़ाई रहेगी जारी

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. इससे पहले झारखंड महिला कांग्रेस की नई प्रदेश अध्यक्ष रामा खलखो ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण समारोह के तुरंत बाद दोनों नेताओं ने मीडिया से बातचीत की और केंद्र सरकार, चुनाव आयोग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर तीखे सवाल खड़े किए. अलका लांबा ने कहा कि देश इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि संसद का सत्र भले ही अपने तरीके से चलता रहेगा, लेकिन कांग्रेस का संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा. उनके अनुसार राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे संसद में




जनता के सवाल उठाएंगे, जबकि महिला कांग्रेस और संगठन के अन्य मोर्चे मैदान में उतरकर लोगों की आवाज को मजबूत करेंगे. उन्होंने रक्फ़ के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा और कहा कि इस नई व्यवस्था के बहाने आदिवासियों के अधिकारों में कटौती की जा रही है. कई ब्लॉक स्तर के अधिकारी और कर्मचारी भारी दबाव झेल रहे हैं और मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या जैसे मामलों की खबरें सामने आ रही हैं. उन्होंने इसे बेहद चिंताजनक करार दिया.

चुनाव आयोग पर बोलते हुए अलका लांबा ने आरोप लगाया कि आयोग मूकदर्शक बनकर सब कुछ देख रहा है. उन्होंने कहा कि हरियाणा में 25 लाख फर्जी वोट तैयार कर लिए गए, जबकि बीजेपी के कुछ नेता दिल्ली और बिहार दोनों जगह वोट करते हैं. बिहार में भी कई जगहों पर वोटरों के नाम काटे जाने की शिकायतें मिल रही हैं. उन्होंने कहा कि हम चुनाव आयोग को चैन से बैठने नहीं देंगे, यह बीजेपी की मशीन नहीं बल्कि संवैधानिक पद है और इसे अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए. प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर ह्लवोट चोर गद्दी छोड़ह्व का नारा भी लगाया और कहा कि दिल्ली से लेकर पूरे देश में यह आवाज बुलंद की जाएगी. महिलाओं के मुद्दों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस या इंडिया गठबंधन की सरकारें हैं, वहां महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है. इसके उलट दिल्ली में बीजेपी सरकार ने महिलाओं को सहायता देने का वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी महिला को कोई लाभ नहीं मिला. उन्होंने झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मांग की कि राज्य महिला आयोग को फिर से सक्रिय किया जाए और महिला-बाल संरक्षण आयोग से जुड़े सुझावों को भी सरकार के समक्ष रखा जाएगा. राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भी अलका लांबा ने केंद्र पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि दिल्ली में आतंकी हमला हुआ लेकिन सरकार ने मामले को जल्दबाजी में निपटा दिया.

# संत जेवियर कॉलेज के छात्रों ने सड़क पर बना दिया पार्किंग, हर दिन लगता है जाम

**रांची, संवाददाता ।**

शहर में लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है. शहर में मुख्य मार्ग मेन रोड, कचहरी रोड, सुजाता रोड समेत अन्य मार्गों पर कार्रवाई हो रही है. अवैध पार्किंग पर तुरंत चालान काट दिए जाते है. फुटपाथ मार्ग पर दुकान, झुग्गी झोपड़ी, फास्ट फूड, चाय दुकान, छोला भटूरा समेत छोटे साग-सब्जी की दुकान को हटाए जाते है. लेकिन संत जेवियर कॉलेज के सामने पार्किंग पर प्रशासन सुस्त दिख रही है.

### झुग्गी झोपड़ी और फास्ट फूड तक में सिमट कर रह गई प्रशासन

लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए कई ठोस पहल किए है. इसके लिए हजारों दुकानदारों को वेंडर मार्केट उपलब्ध कराए गए है. फिर भी रांची में जाम आम बात हो गई है. संत जेवियर कॉलेज गेट के सामने अवैध पार्किंग चल रहा है.



विद्यार्थी फुटपाथ पर पार्किंग बना दिए है. अपने गाड़ी को रोड पर खड़ा कर क्लास करने चले जाते है. लेकिन नगर निगम इन पार्किंग पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है. पार्किंग की वजह से हर दिन जाम लग जाता है. मिशन चौक से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक गाड़िया रेंगते हुए चलते है. पांच मिनट का सफर में लग जाता है आधा घंटा. जब एक साथ स्कूल और कॉलेज की छुट्टी होती है. उस दौरान विद्यार्थियों के अवैध पार्किंग की वजह से रोड पूरी तरह से संकीर्ण हो जाता है. लोगों का पैदल चलना मुस्किल हो जाता है. ऑटो वाले भी रोड पर ऑटो खड़ा करते है. पैसेंजर बैठाते है. इसकी वजह से भी जाम लग जाता है.

# आधुनिक जीवनशैली में ब्रेन ड्रेनर बढ़े, मानसिक थकान के मामले तेजी से उभर रहे




**रांची, संवाददाता ।**

सदर अस्पताल रांची के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार ने आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती मानसिक थकान और तनाव पर चिंता जताते हुए उन आदतों की सूची साझा की है, जो मस्तिष्क की ऊर्जा को तेजी से खत्म कर देती हैं. साथ ही उन्होंने ऐसे सरल उपाय भी बताए हैं, जिनसे दिमाग को फिर से सक्रिय, शांत और केंद्रित बनाया जा सकता है. डॉ कुमार के अनुसार, लोग अक्सर यह समझ नहीं पाते कि उनकी दिनचर्या की छोटी-छोटी आदतें किस तरह मानसिक थकान का बड़ा कारण बन रही हैं. उन्होंने कहा कि लगातार तनाव, स्क्रीन की अधिकता, अनियमित नींद और काम का दबाव मस्तिष्क को धीरे-धीरे कमजोर करता है और व्यक्ति को मानसिक रूप से थका देता है.

उन्होंने बताया कि सबसे बड़े ब्रेन ड्रेनर में ओवरथिंकिंग यानी ज्यादा सोचना शामिल है. यह आदत व्यक्ति की ऊर्जा को सबसे पहले खत्म करती है. इसके अलावा शरीर में पानी की कमी, लंबे समय तक बैठे रहना, जंक फूड, नकारात्मक लोगों का साथ, सीमाओं का अभाव और अव्यवस्थित वातावरण भी मानसिक स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करते हैं. डॉ कुमार ने कहा कि लगातार स्क्रीन देखना, शराब का सेवन और आत्म-संदेह भी मानसिक थकान को बढ़ाने वाले मुख्य कारणों में शामिल हैं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को अपनी खराब आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे. इसके लिए उन्होंने कई ब्रेन बूस्टर्स सुझाए, जिनमें प्रकृति के साथ समय बिताना, पर्याप्त पानी पीना, सूरज की रोशनी लेना, ध्यान और सांसों का अभ्यास करना शामिल है.

डॉ कुमार के अनुसार, नियमित और गहरी नींद मस्तिष्क को ठीक उसी तरह रीस्टोर करती है, जैसे मोबाइल को चार्जर से ऊर्जा मिलती है. अच्छी नींद के साथ-साथ व्यायाम, सकारात्मक लोगों का साथ और साफ-सुथरा वातावरण मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है. उन्होंने कहा कि कृतज्ञता की भावना और नई चीजें सीखने की आदत भी मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.

# मोंटफोर्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न, टॉपर्स छात्र हुए सम्मानित

**रांची, संवाददाता ।**

कांके के हथियागोंदा स्थित मोंटफोर्ट स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह "निस्वार्थ स्नेह की उड़ान" हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रिम्स निर्देशक और सीईओ डॉ राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. इस दौरान सम्मानित अतिथि के रूप में प्रांतीय सुपीरियर रेव्ह ब्रदर सतीश के .डॉन और विशेष अतिथि के रूप में रांची नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव व ब्रदर सोनू डुंगडुंग उपस्थित रहे. इसके अलावा छात्रों के माता पिता भी शामिल हुए.

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किए मनमोहक नृत्य

वार्षिकोत्सव में कक्षा 1- 9 के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए. छात्रों ने एक अनाथालय में माता-पिता के प्यार के बंधन को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया.



कार्यक्रम में माता-पिता के निःस्वार्थ प्रेम को उन पंखों के रूप में उजागर किया, जो बच्चों को जीवन में ऊंचा उड़ने में मदद करते हैं. साथ ही छात्रों ने कई नाटक प्रस्तुत किए, जिसमें दिखाया गया कि कैसे शाही/अमीर लोग भी अपने बच्चों के प्यार के लिए बलिदान देते हैं. वार्षिकोत्सव में सत्र 2024 -25 के कक्षा 1-9 के टॉपर्स छात्रों को प्रोत्साहित किया गया. वहीं सांस्कृतिक प्रदर्शन और शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रम में उत्कृष्टता के लिए छात्र पुरस्कृत हुए. इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ब्रदर हरमन और उप प्रधानाचार्य ब्रदर सुनील ने मेहमानों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया.

# बेथेसदा बालिका स्कूल में 173वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**रांची, संवाददाता ।**

बेथेसदा कंपाउंड स्थित बालिका उच्च विद्यालय में 173वां बेथेसदा दिवस मनाया गया. इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीईएल चर्च के मॉडरेटर मार्शल केरकेट्टा, बिशप सीमांत तिर्की, जॉन कंडुलना शामिल हुए. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बेथेसदा छोटानागपुर का पहला बालिका विद्यालय है, जो लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जला रहा है. आज भी यहां के विद्यार्थी देश विदेश मे उच्चे ओहदे पर पदस्थापित है. चाहे वह इंजीनियर, प्रशासनिक और मेडिकल के क्षेत्र में अपना सेवा दे रहे है. वर्ष 2025 के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के प्रथम तीन टॉपर्स को सम्मानित किए गए. इसके साथ ही प्रखंड स्तरीय होने वाले टेनिस, कबड्डी प्रतियोगिता में सफल होन वाले विद्यार्थी भी पुरस्कृत हुए.

### बेथेसदा स्कूल के विकास के लिए बने एक यूनियन

बेथेसदा दिवस पर पूर्व छात्र भी पहुंचे थे. इस दौरान छात्रो ने कहा कि बेथेसदा स्कूल सबसे पुरानी स्कूल है. जो आज भी लोगों को



गौरान्वित कर रहा है. हजारों गरीब विद्यार्थियों की आशा की किरण बन चुकी है. पूर्ववर्ती छात्रों ने कहा कि अनुशासन से ही मंजिल को पा सकते है. इसके लिए ईमानदारी और कड़ी मेहनत जरूरी है.

### क्रिसमस की धूम

बेथेसदा दिवस पर संता क्लॉज ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया. स्टेज पर दर्जनों छात्रों ने नागपुरी गीत की बेजोड़ संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए. इसमें हैपी क्रिसमस के गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए. गानों की धुन से मौजूद विद्यार्थियों से ताली बजाकर विद्यार्थियों को उत्साहित किया.

### जर्जर भवन को दुरुस्त किया जाए

पूर्ववर्ती छात्रों ने कहा कि बेथेसदा की पुरानी बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है. इसके लिए स्कूल प्रबंधक को नये यूनियन बनाए जाए. जर्जर भवन को दुरस्त किया जाए. ताकि छात्रो को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध हो सके और पढ़ाई को और भी हाईटेक बनाए जा सके. क्लास 8वीं के विद्यिर्थयों ने बेथेसदा दिवस पर पर्यावरण प्रदूषण पर नृत्य किए. दर्शकों को अपनी ओर आकर्शित किए. मानव छेड़छाड़ और रासायनिक खाद्य के कारण मिट्टी दूषित हो रहा है. इसकी वजह से उपजाऊ पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है. प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है. इससे बचने के लिए प्राकृतिक खाद्य के उपयोग से फिर प्रकृति को हरा भरा बनाने के लिए नृत्य प्रस्तुत किए गए. इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रा डोरंडा थाना इंस्पेक्टर दीपिका प्रसाद, डॉ सॉलोनी होरो, ईस्टर भेंगरा समेत अन्य विद्यार्थियों को संबोधित किया.

# लंबी-लंबी लगी कतारें तेरे दरबार में हारे के सहारे



**रांची, संवाददाता ।**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी के शुभ अवसर पर मंदिर में भक्तों की लंबी लंबी लाइन देखने को मिली। 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों के अलावा ग्यारस में आने वाले श्याम भक्तों की भी भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली। मंगला आरती के बाद मंड के पर्दे लगाकर बाबा श्याम का अनुपम दिव्य श्रृंगार किया गया। अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम को कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए ऑर्किड डच गुलाब तुलसीदल लाल मुरुगन फूल रजनीगंधा येलो क्रिस्टनम पीला गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से सजाया। ग्यारस का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है और हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दिन प्रतिदिन भक्तों की आस्था और मान्यता बढ़ती जा रही है। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड की सभी पूजन अनुष्ठान विधि विधान से खाटूधाम की परंपरा अनुसार किए जाते हैं। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भक्त अपनी अर्जी लेकर अपने आराध्य देव से अपनी अरदास लगाते हैं ।जहां एक और भक्त अपनी अर्जी लेकर आए हुए थे और बाबा के चरणों में उसे समर्पित कर रहे थे वहीं दूसरी ओर दर्शन करने वालों की भी लंबी-लंबी लाइन लगी थी। 12.15 बजे विश्राम आरती के बाद 12.30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। संध्या 4.30 बजे जब मंदिर के पट खुले तो पहले से ही भक्त काफी संख्या में दर्शन करने के लिए उपस्थित थे। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। बलवंत लाल सुमन कुमारी नीलमणि ने अपने परिवार के साथ बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। अखंड ज्योति में केसरिया पेडा पंचमेवा प्रसाद फल गिरीगोला रबड़ी एवं मगही पान का भोग लगाकर झारखंड राज्य की खुशहाली एवं परिवार की खुशियों की प्रार्थना की। संकीर्तन कार्यक्रम गणेश वंदना से प्रारंभ हुआ ।मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने गणेश वंदना श्याम सुंदर शर्मा ने गुरु वंदना राजेश चौधरी ने हनुमान जी की वंदना प्रवीण अग्रवाल ने भोलेनाथ जी की वंदना अनुज मोदी ने रानी सती दादी जी की वंदना एवं बाबा श्याम की वंदना महामंत्री गौरव अग्रवाल एवं सलज अग्रवाल ने कि ।इसके बाद मंदिर के अन्य श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी एवं उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया ने ग्यारस पूजन एवं ज्योत की सभी तैयारियां पूरी करवाई। यजमान बलवंत लाल सुमन कुमारी नीलमणि के परिवार एवं आए हुए श्याम भक्तों को ज्योत दिलाने का कार्य भी उन्होंने ही करवाया। अखंड ज्योत प्रज्वलित होने के बाद आए हुए भक्तों के बीच प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया जो निरंतर रात्रि आरती के बाद तक किया जा रहा था। मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां महामंत्री गौरव अग्रवाल एवं मंत्री पंकज गाड़ोदिया राजेश ढांढनीया ने प्रसाद वितरण का कार्य अन्य सहयोगियों के साथ सम्पन्न किया।



### हज हाउस रांची में 11 जनवरी 2026 को अजीम-उश्शान फि क्री सेमिनार

# डॉ. इरफान अंसारी से अहम मुलाकात, वजीर-ए-आला हेमंत सोरेन की शिरकत के आसार रौशन

संवाददाता । रांची



रांचीः झारखंड सामाजिक व फि क्री फोरम और तहफ़्फ़ुज-ए-इम्मा, मसाजिद व मोअज्ज़िनीन के जेर-ए-एहतिमाम 11 जनवरी 2026, बुरोज ए इतवार हज हाउस कडरू रांची में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक एक अजीम-उश्शान फि क्री सेमिनार मुनअकि द होगा। इस सिलसिले में तन्जीम के सरपरस्त मुहतर्म हाजी गुलजार साहब की खुसूसी मआरिफत और आला रवाबित की बरकत से वजीर-ए-सेहत डॉ. इरफान अंसारी साहब से निहायत एहम और नतीजा-खेज मुलाकात अंजाम पाई। हाजी गुलजार साहब रियासती सियासत में एक बाअस्र, मोतबर और वजीर-ए-आला समेत कई आहम सियासी काइदीन के निहायत करीबी और मुअत्मद फर्द के तौर पर पहचाने जाते हैं, और उन्हीं की सरपरस्ती की बदौलत यह मुलाकात सेमिनार के लिए एक बड़ी कामयाबी साबित हुई।मुलाकात के दौरान डॉ. इरफान अंसारी साहब ने पूरी संजीदगी, खुलूस और खुश-डिली के साथ वफ़्द की गुफ़्तगू सुनी। उनको बाकायदा दावत-नामा पेश किया गया जिसे उन्होंने मुसर्रत के साथ कबूल करते हुए मुकम्मल ताउवन का यक ीन दिलाया और फरमाया कि इंशाअल्लाह वजीर-ए-आला हेमंत सोरेन जी भी इस तारीखी सेमिनार में शिरकत फरमाएंगे, जब कि दीगर आहम सियासी काइदीन की आमद भी मुतवक़्क़े हैइस मुलाकात में तन्जीम की नुमाइंदगी मुमताज आलिम-ए-दीन मौलाना मेराज अशरफ नदवी, मुफ्ती अब्दुल हसीब साहब और तन्जीम के मुआविन कारी सना उल्लाह साहब ने की। तीनों हजरत ने सेमिनार की गरज-ओ-गायात, उसके फि क्री व समाजी असरात और रियासती सतह पर उसकी अफादियत पर मॉडलल अंदाज में बातचीत की जिसे डॉ. इरफान अंसारी साहब ने बे-हद सराहामुलाकात के बाद मौलाना मेराज अशरफ नदवी ने अपने तास्सुरात बयां करते हुए कहाःह्लवजीर-ए-सेहत डॉ. इरफान अंसारी साहब से बात करके दिल को बड़ी खुशी हुई। उनकी संजीदगी, खैर-ख़्वाही और नरम-दमित रवैये ने हमारे हौसले बुलंद किए।इसी तरह तन्जीम के सरपरस्त, अजीम सरपरस्त जनाब अल-हाज गुलजार साहब से भी पहली बार तफसीली मुलाकात का मौका मिला और उनकी मोहब्बत, शफकत और गर्मजोश रहनुमाई ने दिलों में बे-हद मुसर्रत पैदा की। हम दुआ गो हैं कि अल्लाह तआला उनकी सेहत, उम्र और खिदमात में बरकत अता फरमाए और इस अमल को अपनी बारगाह में कबूल करेसेमिनार का मर्कजी मौजू देसीयुम गुरु शरी शिबू सोरेन जी की तारीखी खिदमात, झारखंड की तहजीबी शनाख़्त, समाजी हम-आहंगी और रियासत की फि क्री तामीर पर मर्कूज होगा। इस में रियासत भर से उलमा-ए-किराम, सियासी रहनुमा, दानिश्वर, समाजी शख्सियात और नौजवान बड़ी तादाद में शिरकत करेंगे और यह प्रोग्राम झारखंड के फि क्री व समाजी मुस्तकबिल के लिए एक आहम संग-ए-मील साबित होगा।

# झारखंड थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों के मुद्दों का निष्पादन होगा





संवाददाता । रांची

झारखंड के जनप्रतिनिधियों के द्वार चलो अभियान के तहत झारखंड के थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों सहित सामाजिक चिंतकों का प्रतिनिधिमंडल ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के नेतृत्व में आज सुबह झारखंड कांग्रेस के कांके(रांची)के माननीय विधायक सुरेश बैठा से कांके स्थित उनके आवास पर 29 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को माननीय कांके विधायक के प्रतिनिधि शमीम बरिहार के सहयोग से द्वारा 14 सूत्री थैलेसीमिया मांग एवं 19 सूत्री मांग रक्तदान पर दो स्मार-पत्र दिया गया।प्रतिनिधिमंडल को माननीय विधायक ने कहा कि आपके मांगों पर हम साथ है, यह मामला झारखंड विधानसभा के इस सत्र में उठाऊंगा।थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए जनवरी में माननीय गुरु जी ₹शिबू सोरेन महोदय₹ की याद में रक्तदान-महादान आयोजित करूँगा।माननीय विधायक कांके ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिम्स निदेशक एवं रांची सिविल सर्जन को फोन पर बोला कि थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों को ब्लड मिलना हर हाल में सुनिश्चित करें एवं थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों को निःशुल्क सभी उपयुक्त दवा मिलना सुनिश्चित हो।वहीं शाम में प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के माननीय मंत्री श्रीमान योगेंद्र प्रसाद जी से उनके रांची स्थित स्मार्ट सिटी मंत्री आवास में थैलेसीमिया एवं रक्तदान पर प्रतिनिधिमंडल ने दो स्मार-पत्र दिया।माननीय मंत्री ने कहा कि इस पर चर्चा हो चुकी है थैलेसीमिया पर हर हाल में निःशुल्क एवं बिन डोनर के ब्लड मिलने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हो चूंकि है साथ ही रक्तदाता को 100 रुपये का रिफ्रेशमेंट मिलेगा,जिसपर एसीएस/प्रधान सचिव से माननीय मुख्यमंत्री एवं हमलोगों ने भी सहमति दे दी है।जल्द आदेश होगा।प्रतिनिधिमंडल ने दोनों माननीय मंत्री एवं माननीय विधायक को बुके थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों द्वारा दिया गया।प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान,शमीम बरिहार,संजय टोप्पो,देवकी देवी,पॉवेल कुमार,संजर खान

### भारत की जीत पर एकता कमेटी में मिठाइयों का वितरण

# भारतीय क्रिकेट टीम को दिल से बधाई : गुलाम मुस्तफा



संवाददाता । रांची

रांची । भारतीय एकता कमेटी सामाजिक संस्था करबला टैंक रोड के मुख्य कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका पर शानदार 17 रनों की जीत की खुशी पर मिठाइयों का डब्बा वितरण किया गया और इस शुभ अवसर पर भारत माता की जय हिंदुस्तान जिंदाबाद भारतीय क्रिकेट टीम जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए । इस शुभ अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि रांची में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच होना बहुत खुशी की बात है । रांची में खासकर हम लोगों के शहर में भारतीय क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम से शानदार जीत पर हम सभी दिल से भारतीय क्रिकेट टीम को मुबारकबाद देते हैं । इसके शुभ अवसर पर खुशी और उत्साह में सभी को मिठाइयों का डब्बा वितरण किया गया और आगे भी हम लोग भारतीय क्रिकेट टीम से 110% भरोसा रखते हैं कि हम लोगों का भारतीय टीम हर जगह जीत कर देश का नाम रोशन करेगी । विराट कोहली का शानदार शतक उमेश यादव का चार विकेट लेना रोहित शर्मा का विस्फोटक पारी और आखिरी कैच लेना इन सभी को भुलाया नहीं जा सकता । इस खुशी के अवसर पर निसार बाबा, मोहम्मद अशफाक, मनोज राम, मोहम्मद नसीम, पूर्व पार्षद गुलाम सरवर रिजवी, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद सितारे, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद डुग्गू, संजय कुमार, किशोर ठाकुर, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए



संवाददाता । रांची

रांचीः वक्ताओं ने कहा की वक्फ जायदाद को वटएएऊ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए राज्यस्तरीय अभियान चलाया जाएगा और रजिस्ट्रेशन में मदद किया जाएगा और पुरे झारखंड के वक्फ रजिस्टर्ड प्रबंधन कमिटी से राबता कायम कर वटएएऊ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए जागरुक किया जाएगा। रजिस्टर्ड वक्फ के प्रबंधन कमिटी के लोग अपने जिला से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं अगर दुश्वारी होगी तो जमिअतुल मोमेनिन चौरासी से सम्पर्क करें उनलोगों को झारखंड राज्य सुननी वक्फ बोर्ड के कार्यालय से रजिस्ट्रेशन कराने में मदद किया जाएगा साथ ही दुसरे जिला से आए हुए लोगों का ठहरने का इंतजाम जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड करेगी।रजिस्टर्ड वक्फ प्रोपर्टी की सूची हमलोगों को मिल गई है। रजिस्टर्ड वक्फ प्रोपर्टी के प्रबंधन कमिटी से मोबाइल के माध्यम से सम्पर्क किया जा रहा है और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जरुरी महसूस हुआ तो जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड की टीम झारखंड के दुसरे जिला का भ्रमण कर वटएएऊपोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का काम करेग।ईस प्रेस कांफ्रेंस में जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड के अध्यक्ष, हाजी मो मजहर, उपाध्यक्ष, मो जबिउललाह, सरपरस्त कमिटी के सदस्य- मो मोजममिल अंसारी, शकील अंसारी ? फतेउललाह मस्जिद के जिम्मेदार उबैदुललाह

# झारखंड थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों के मुद्दों का निष्पादन होगा

संवाददाती



झारखंड के जनप्रतिनिधियों के द्वार चलो अभियान के तहत झारखंड के थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों सहित सामाजिक चिंतकों का प्रतिनिधिमंडल ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के नेतृत्व में आज सुबह झारखंड कांग्रेस के कांके(रांची)के माननीय विधायक सुरेश बैठा से कांके स्थित उनके आवास पर 29 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को माननीय कांके विधायक के प्रतिनिधि शमीम बरिहार के सहयोग से द्वारा 14 सूत्री थैलेसीमिया मांग एवं 19 सूत्री मांग रक्तदान पर दो स्मार-पत्र दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल को माननीय विधायक ने कहा कि आपके मांगों पर हम साथ है, यह मामला झारखंड विधानसभा के इस सत्र में उठाऊंगा।

थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए जनवरी में माननीय गुरु जी ₹शिबू सोरेन महोदय₹ की याद में रक्तदान-महादान आयोजित करूँगा।माननीय विधायक कांके ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिम्स निदेशक एवं रांची सिविल सर्जन को फोन पर बोला कि थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों को ब्लड मिलना हर हाल में सुनिश्चित करें एवं थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों को निःशुल्क सभी उपयुक्त दवा मिलना सुनिश्चित हो।वहीं शाम में प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के माननीय मंत्री श्रीमान योगेंद्र प्रसाद जी से उनके रांची स्थित स्मार्ट सिटी मंत्री आवास में थैलेसीमिया एवं रक्तदान पर प्रतिनिधिमंडल ने दो स्मार-पत्र दिया।माननीय मंत्री ने कहा कि इस पर चर्चा हो चुकी है थैलेसीमिया पर हर हाल में निःशुल्क एवं बिन डोनर के ब्लड मिलने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हो चूंकि है साथ ही रक्तदाता को 100 रुपये का रिफ्रेशमेंट मिलेगा,जिसपर एसीएस/प्रधान सचिव से माननीय मुख्यमंत्री एवं हमलोगों ने भी सहमति दे दी है।जल्द आदेश होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने दोनों माननीय मंत्री एवं माननीय विधायक को बुके थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों द्वारा दिया गया।झारखण्ड की राजधानी रांची में जेसीए के स्टेडियम से मैच से पहले झारखण्ड के मुख्यमंत्री मानियीय हेमंत सोरेन का होर्डिंग हटाना आदिवासियों का बड़ा अपमान।

रांचीः झारखंड की राजधानी रांची के खउअ ग्राउंड में 30 नवंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। इस मैच के लिए झारखंड सरकार ने स्टेडियम के अंदर विज्ञापन के लिए निर्धारित स्पेस को विधिवत खरीदा था और वहां राज्य की विकास योजनाओं से जुड़े होर्डिंग लगाए गए थे, जिनमें मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की तस्वीर भी शामिल थी।लेकिन मैच शुरू होने से ठीक पहले इउउकके निर्देश पर मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले सभी होर्डिंग स्टेडियम से हटवा दिए गए।इसके पीछे नियमों का हवाला दिया गया,

## ब्रीफ न्यूज

### धार्मिक शिक्षा बोर्ड की मीटिंग से लौटते समय सड़क हादसे में जमीयत उलेमा के चार सदस्यों की मौत हो गई



संवाददाता ।

- जमीयत उलेमा-ए-हिंद के जनरल सेक्रेटरी मौलाना मुहम्मद हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में शोक जताने वाला एक प्रतिनिधिमंडल शोपुर पहुंचा।
- मृतकों के घरों पर मातम, मासूम बच्चों की हालत देखकर प्रतिनिधिमंडल की आंखों में आंसू आ गए।

नई दिल्ली, 1 दिसंबर, 2025ः धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश की मीटिंग से लौटते समय एक दिल दहला देने वाले हादसे में जमीयत उलेमा शोपुर के चार सदस्यों की मौत हो गई। मीटिंग में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से जमीयत के नेता शामिल हुए थे, जिनमें शोपुर के दो उलेमा समेत चार लोग शामिल थे। लौटते समय रसिया नाम की जगह पर उनकी कार सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और शोपुर का माहौल दुख, सदमे और खामोशी में डूब गया। आज जमीयत उलेमा-ए-हिंद के जनरल सेक्रेटरी मौलाना मुहम्मद हकीमुद्दीन कासमी की लीडरशिप में एक जरूरी डेलीगेशन शोपुर पहुंचा और मरने वालों के परिवारों से मिला, उन्हें अपनी हमदर्दी दिखाई, और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट मौलाना महमूद असद मदनी का एक खास मैसेज भी दिया। डेलीगेशन ने प्रभावित परिवारों को हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया। मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने इस मौके पर कहा कि पूरा शोपुर गम के गहरे माहौल में डूबा हुआ है। हर घर में मातम है और बुजुर्गों, बच्चों और औरतों की हालत बहुत दयनीय है। उन्होंने कहा कि उनका दिल खासकर मौलाना अनीसुर रहमान मजाहेरी और उनके पांच छोटे बच्चों के परिवार की हालत देखकर भर आया। उनके सबसे बड़े बेटे जाबिउर रहमान (उम्र 12) की मासूमियत और दुख भरी हालत देखकर उनकी आंखें भर आईं। शहीद नवीद सिर्फ 22 साल के थे, उनकी शादी की तैयारी चल रही थी। उनका परिवार भी बहुत दुखी है। उन्होंने सभी मरने वालों की मगफिरत के लिए दुआ की और कहा कि अल्लाह तआला इन शहीदों को पूरी तरह से माफ करे, उन्हें जन्नत में ऊंचा मुकाम दे, और दुखी परिवार को सब्र और बड़ा इनाम दे। यह ध्यान देने वाली बात है कि उनके जनाजे की नमाज मौलाना नोमान कासमी (जमीयत उलेमा, राजस्थान प्रांत के वाइस प्रेसिडेंट) ने पढ़ाई। प्रतिनिधिमंडल में जमीयत उलेमा हिंद के महासचिव के साथ मौलाना नोमान कासमी (जमीयत उलेमा राजस्थान प्रांत के उपाध्यक्ष), मौलाना महबूब (जमीयत उलेमा सवाई माधोपुर के अध्यक्ष), मौलाना मामून रशीद (जमीयत उलेमा सवाई माधोपुर के महासचिव), मौलाना मुहम्मद जाफर (मदरसा नूरुल उलूम करमूदा के शिक्षक), मौलाना सादिक, मौलाना अंसार नदवी, हाफिज अंसार, मौलाना फारूक कासमी, मौलाना जहूर अहमद, कारी मुहम्मद आदिल (जमीयत उलेमा शोपुर के अध्यक्ष), मौलाना कमरुद्दीन (उपाध्यक्ष), हाफिज मकसूद (उपाध्यक्ष), हाफिज शहजाद (उपाध्यक्ष), मुफ्ती शाह हुसैन (उपाध्यक्ष), मुफ्ती मुंतजार (महासचिव), मौलाना जावेद अली (अनुवादक), मौलाना इस्लाम, हाफिज शाहनवाज, हाफिज मुहम्मद सादिक, एजाज भाई और अन्य अधिकारी शामिल थे।

### वेडिंग झारखण्ड 2025 फैशन पॉइंट 2 और 3 दिसंबर होटल कैपिटल हिल मे



संवाददाता

रांची : रांची के फैशन प्रेमियों के लिए इस सीजन की सबसे शानदार शाम तब शुरू हुई जब वेडिंग झारखण्ड 2025 का भव्य शुभारंभ ल्ड्ड्ड्री' रामाडा में हुआ। डायरेक्टर ङ्खड्डह्लल पॉइंट रीना अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत यह आयोजन फैशन, ग्लैमर और ब्राइडल एलीगेंस का एक अद्भुत संगम रहा। दो दिनों तक चलने वाला यह आयोजन लक्जरी शॉपिंग, डिजाइनर शोकेस और रनवे प्रेजेंटेशन्स का शानदार मिश्रण साबित हुआ, जिसने रांची को एक उभरते हुए प्रीमियम फैशन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ

डिजाइनर वियर ड्ड ब्राइडल कोचरड्ड ज्वेलरी ड्ड एक्सेसरीज स्पेशल अप्पेअरन्स है. रिया तिर्की मिस यूनिवर्स झारखण्ड 2025 मुख्य अतिथि और मनीषा सिंह, सोशल वर्कर थी.40 प्रीमियम स्टाल्स लगाया गया जिसमे मेट्रो -लेवल लक्जरी ब्रांड्स अब रांची में उपलब्ध होगा.

लायंस क्लब रांची को विशेष सम्मान

समारोह की शुरूआत लायंस क्लब रांची के महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों के सम्मान से की गई, जिनमें स्वास्थ्य सेवा, दृष्टि, बचपन के कैंसर, मधुमेह नियंत्रण, भूख उन्मूलन तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयास शामिल हैं।

विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने और भी भव्य बना दिया, जिनमें शामिल थींः मनीषा सिंह – मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, क्षत्रिय समाज महिला विंग, रिया तिर्की – मिस यूनिवर्स झारखण्ड 2025, अरुणा जैन,रूपा बोस, नीलम तिवारी, विनीता शरण, पूनम पद्मा, रुपम झा

सीमा रॉय, झूमा सरकार और नम्रता जैन मौजूद थी.

डिजाइनर एवं ज्वेलरी शोकेस (रनवे पार्टिसिपेट्स)

2 और 3 दिसंबर होटल कैपिटल हिल

एंटीस ज्वेलरी कगक, ड्ड डिजाइनर डायमंड और ब्राइडल ज्वेलरी,जयपुर, मुंबई और दुबई से विशेष कलेक्शन,वेडिंग और फेस्टिव गिफ्टिंग के लिए प्रीमियम विकल्प

आगामी दिन में भी वेडिंग झारखण्ड 2025 फैशन, ज्वेलरी, ब्राइडल आर्टिस्ट्री और लक्जरी शॉपिंग का अनूठा अनुभव प्रस्तुत करता रहेगा। रांची के लिए यह कार्यक्रम एक नए फैशन युग की शुरूआत का संकेत है।

फैशन पॉइंट रांची का अग्रणी फैशन एवं लाइफस्टाइल ब्रांड है, जिसका नेतृत्व रीना अग्रवाल करती हैं। पिछले 15 वर्षों से फैशन पॉइंट ने प्रीमियम एक्सहिबिशन्स, डिजाइनर शो केसेस, लक्जरी पॉप -अपस और विमेंस एपावरमेंट इनीतिटिव्स के माध्यम से शहर की फैशन संस्कृति को नई दिशा दी है।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने किया रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का दौरा

रामगढ़, संवाददाता



फेकल्टी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का दौरा किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक और सांस्कृतिक अनुभव के रूप में महत्वपूर्ण रहा।

इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। विद्यार्थियों को अलग-अलग शैक्षणिक पद्धतियों को समझने का अवसर मिलता है, जो उनके समग्र विकास में सहायक होता है। रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या , डॉ ज्योति वालिया ने कहा, ₹हम मेहमान विद्यार्थियों का स्वागत करते हैं और हमें गर्व है कि यह पहल हमारे शिक्षण संस्थान में की जा रही है। ऐसे कार्यक्रम हम सभी को नई सोच और दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। दौरे का मुख्य उद्देश्य शिक्षण विधियों और शिक्षा प्रणाली का समग्र अनुभव प्रदान करना था। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के लगभग 20 विद्यार्थियों ने रामशोभा कॉलेज के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने शिक्षा, मनोविज्ञान और शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों के बारे में गहन अध्ययन किया। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने विशेष कार्यशालाओं में भाग लिया, जहाँ विभिन्न विषयों पर शिक्षकों द्वारा व्याख्यान दिए गए। इनमें शिक्षण में नई तकनीकों, समावेशिता, और अध्ययन के नवीनतम तरीकों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों ने आपसी संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान पर जोर दिया। रामशोभा कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपनी स्थानीय संस्कृति और शैक्षणिक अनुभव साझा किए, जिससे सभी विद्यार्थियों में आपसी समझ बढ़ी। दौरे के अंत में, डॉ रंजना पाण्डेय ने कहा, हम इस कार्यक्रम को सफल मानते हैं और आशा करते हैं कि यह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बनेगा।

यह सिर्फ शैक्षणिक यात्रा नहीं है, बल्कि एक सीखने की प्रक्रिया भी है। इस कार्यक्रम ने न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया, बल्कि विद्यार्थियों में सहानुभूति और सहयोग की भावना को भी बढ़ाया। सभी विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अमूल्य मानते हुए भविष्य में फिर से ऐसे कार्यक्रमों की इच्छा व्यक्त की। फेकल्टी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने कार्यक्रम की सराहना की और हार्दिक शुभकामनाएं दिए।

**भारतीय नौजवान सेना ने शुरू किया सदस्यता अभियान**

# बेरोजगार युवाओं व विस्थापितों के हक की लड़ाई को मिलेगा नया आयाम



रामगढ़, संवाददाता

भारतीय नौजवान सेना ने सोमवार से एक महीने का सदस्यता अभियान शुरू किया। रिवर साइड, पटेलनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में संगठन के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर युवाओं को जोड़ने की पहल की। संगठन के अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि आने वाले एक वर्ष में 10 हजार युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नाम पर लगातार ठगा जा रहा है, जबकि विस्थापितों को आज तक उनका उचित हक नहीं मिल सका है। उन्होंने कहा कि जिन उद्योगों के लिए ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की गई, उन्हें न तो पूरा मुआवजा मिला और न हीं नियोजन। कंपनियां दलालों के जरिए मनमानी कर रही हैं। आउटसोर्सिंग कंपनियां नियमों को तोड़कर काम करा रही हैं, जबकि स्थानीय मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिलती। कई जगहों पर पीएफ घोटाले जैसी शिकायतें भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि विस्थापितों को बाहरी-भीतरी की राजनीति में फंसाकर उनके अधिकारों से दूर रखा गया है और रोजगार का मुद्दा सिर्फ चुनावी नारा बनकर रह गया है। संगठन का उद्देश्य है कि बेरोजगार युवाओं और विस्थापितों को एक मंच पर लाकर उनकी लड़ाई को मजबूती दी जाए। आगामी वर्ष को संगठन ने आंदोलन वर्ष घोषित किया है। मौके पर सचिव रौशन नायक, कोषाध्यक्ष इमरोज खान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय, राज अमन, अजय सिंह, राहुल सिंह, राजन पांडेय, बबलू भुइयां सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बच्चों ने मुखिया से किया स्ट्रीट लाइट मरम्मत करने की अपील



धनबाद, संवाददाता

सोमवार को बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बौआ कला उत्तर पंचायत के मुखिया भीम लाल रजक से बड़की बौआ नीचे टोला के बच्चों ने स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं सड़कों पर बहते जल समस्या की शिकायत को लेकर मुलाकात की।बच्चों ने मुखिया को अवगत कराया कि स्ट्रीट लाइट खराब होने से आने - जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। विशेष कर रात्रि के समय बच्चें दिक्कतों का सामना करते हैं। वहीं सप्लाई पानी सड़कों पर ही घरों से बहता रहता हैं। जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सम्मान करना पड़ता हैं।

बच्चों को मुखिया ने आश्वस्त किया कि फंड नहीं होने के बावजूद निजी स्तर से स्ट्रीट लाइट मरम्मत करवाने का प्रयास करेंगे।साथ ही ग्रामीणों से बहते जल को लेकर अपील किया कि व्यर्थ में पानी न बहाए। घरों में नल की सुविधा करें। पानी बहने से बच्चों के साथ अन्य ग्रामीणों को भी दिक्कत होती हैं। मौके पर खुशबू कुमारी, करण कुमार, रीमा कुमारी, बंदना कुमारी, प्रीति कुमारी, नमिता कुमारी, ममता कुमारी, सीखा कुमारी, आरोही कुमारी, निशा कुमारी, निखिल कुमार एवं अन्य बच्चें मौजूद रहें।

# शहनाई से मातम तक... दो दिन पहले बने दूल्हे राहुल पाठक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

पलामू, संवाददाता



शादी की रौनक और खुशियों की गूंज अभी घर-आँगन में पूरी तरह थमी भी नहीं थी कि सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। 29 नवंबर को जिस घर में शहनाई बज रही थी, जहां आशीवार्दों की आवाजें और कैमरों की चमक थीङ्ग आज उसी घर में चीख, सिसकियाँ और विलाप गूँज रहे हैं। लालगढ़ पंजरी के मूल निवासी तथा वर्तमान में सुदना में रहने वाले राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक सदस्य राहुल पाठक की असामयिक मौत ने पूरे क्षेत्र को शोक के सागर में डुबो दिया। राहुल, पंजरी निवासी मनोज पाठक के पुत्र थे। दो दिन पूर्व ही उनका विवाह सिमडेगा निवासी बसंत मिश्रा की पुत्री नेहा कुमारी से मेदिनीनगर के क्राउन प्लाजा में सम्पन्न हुआ था। नई जिंदगी के सपने अभी पूरी तरह सजे भी नहीं थे कि नियति ने सब छीन लिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही सदर अस्पताल में लोगों का तांता लग गया। पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, जिला महामंत्री ज्योति पाण्डेय, युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, भाजपा वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, चंदन तिवारी, भाजपा आईटी सेल गढ़वा प्रभारी सह अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा अ के राष्ट्रीय सह प्रवक्ता धीरेन्द्र तिवारी उर्फ गुड्डू गोवावल, सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि अस्पताल पहुँचे। हर चेहरे पर गहरा सदमा और एक ही सवाल–'इतनी जल्दी क्यों... ?'

अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। कुछ ही दिन पहले जहां दूल्हा-दुल्हन की मुस्कुराहटों के साथ तस्वीरें खिंच रही थीं, वहीं अब टूटे सपनों और बिखरी उम्मीदों की सिसकियाँ हवा में तैर रही हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सीआरपीबीआरपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शुक्ला, जिलाध्यक्ष किशोर दूबे, अविनाश पाण्डेय, भार्गव सेना के कमलेश शुक्ला, मुकेश तिवारी, मधुकर शुक्ला, अभिषेक तिवारी, आशुतोष तिवारी, युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष मनीष ओझा, आर.के. चंदन, चंद्रशेखर छोटू, बंटी दूबे सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग भी मौजूद रहे। देर शाम हरिश्चंद्र घाट पर नम आंखों व भारी दिलों के साथ राहुल पाठक का दाह संस्कार किया गया। यह हृदयविदारक घटना एक बार फिर यह संदेश दे गई कि जीवन बेहद नाजुक है – एक पल में खुशियां मातम में बदल सकती हैं। न केवल परिवार, बल्कि पूरा समाज इस असमय बिछड़ाव के दुख में डूबा है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति की बैठक



रामगढ़, संवाददाता

सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 24880 छात्र-छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है वहीं आईएनओ द्वारा 23984 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है पूर्व में 4676 बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जा चुका है। वर्तमान में पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत अध्यनरत 15505 विद्यार्थियों को अनुमोदन दिया जाना है। वही राज्य के बाहर अध्यनरत 63 छात्र-छात्राओं को अनुमोदन दिया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने हेतु आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला कोषागार पदाधिकारी, एडीईओ मनीष चहार, सहित अन्य उपस्थित थे।

# कसमार में छापामारी, सिंगपुर से अवैध शराब बरामद; पिरगुल में नहीं मिली कोई गतिविधि

धनबाद, संवाददाता



अवैध शराब के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। मुख्यालय रांची के अधीक्षक, उत्पाद ईआइबी के नेतृत्व में कसमार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर स्थित कम्पोजिट शराब दुकान, कसमार रोड कसमार और खैराछात्तर में औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित दुकानों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इधर, अधीक्षक उत्पाद ईआइबी रांची के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद विभाग ने पिरगुल और सिमपुर में शिकायतों के आधार पर छापामारी अभियान चलाया। पिरगुल में जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं मिली। लेकिन सिमपुर में एक किराना दुकान और उससे सटे घर की तलाशी में विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब बरामद हुई। इनमें स्टर्लिंग इ7, मैकडॉवेल ठङ्ग.1, रॉयल स्टैग सहित कुल दो दर्जन से अधिक बोतलें और एक बीयर कैन शामिल हैं। बरामद विदेशी शराब पर लगे होलोग्राम प्रथम दृष्ट्या नकली प्रतीत हो रहे हैं, जिसके लिए विभाग ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिला उत्पाद विभाग को आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# इंटर कॉलेज डोमचांच में समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह को शासी निकाय की बैठक में सर्व सम्मति से शिक्षाविद सदस्य किया गया चयनित

कोडरमा, संवाददाता



जिला के डोमचांच में संचालित इंटर कॉलेज डोमचाँच में समाजसेवी, कॉंग्रेस वरिष्ठ नेता सह प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह को शासी निकाय की बैठक में सर्व सम्मति से शिक्षाविद सदस्य चयन किया गया। ऐसे में लोग उन्हें काफी बधाई देने के साथ अब उनसे उम्मीद कर रहे की शिक्षा स्तर को और भी कॉलेज में बेहतर करने के अलावे पढ़ाई अच्छी तरह से होगी। कॉलेज में पठन पठान में काफी सुधार होगा। छात्रों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। वहीं प्रदीप सिंह ने बताया की जो जिम्मेवारी मिली उसे बड़े ही अच्छे तरीके से निभाऊंगा। कॉलेज में पढ़ाई सुविधाएं दुरुस्त होगी। उन्हें बधाई देने वालों में सचिव वीरेंद्र मेहता, प्रिंसिपल प्रभारी रवि शंकर कुमार वर्मा, समाजसेवी कामाख्या नारायण सिंह, रणजीत सिंह, अनिल सिंह, डॉक्टर के पी चौधरी, अभय कुमार, सिकंदर कुमार, विजय कुमार, शंकर मोदी, मंतोष कुमार, विकास कुमार, सदानंद पांडेय आदि नाम शामिल है।

# स्वदेशी अपना कर हीं आत्म निर्भर होगा भारत : कुमार अमित

**प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा कार्यकताओं नें दुकानदारों को दिलाया स्वदेशी का संकल्प**

बोकारो, संवाददाता



भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने कार्यकताओं के साथ सिटी सेंटर स्थित हर्षवर्धन प्लाजा में दुकानदारों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलवाया। इसके लिए अनेक दुकानदारों से भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी के स्वदेशी संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करवाया। इस अवसर पर कुमार अमित ने दुकानदारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढ़ रहा है। समाज अगर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे तो देश शीघ्र हीं 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के विकसित राष्ट्र बन सकता है। दुकानदार ग्राहकों को अगर स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेरित और प्रोत्साहित करें तो लोगों में स्वदेशी वस्तुओं के उपभोग का चलन बढ़ेगा और देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी। भाजपा कार्यकताओं ने इसके लिए दुकानदारों को पार्टी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए मोदी सरकार के द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों से होने वाले फायदे की भी जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा बोकारो नगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता गोस्वामी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार, युवा मोर्चा महामंत्री लालबाबू, मिथिलेश कुमार, अरूण सिंह, विकास सिंह, विपुल सिंह, गुंजन दास, रमेश गुप्ता, शशि प्रकाश आदि के अलावे अनेक दुकानदार और ग्राहक मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में 32 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

पलामू, संवाददाता



जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निःशुल्क नेत्र शिविर मे अबतक 182 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया गया है। शनिवार की देर शाम 32 मोतियाबिंद मरीजों की आंखों में लेंस प्रत्यारोपण किया गया। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 150 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। इसमें से 32 मरीजों को नेत्र चिकित्सक डॉ. धीरज प्रसाद द्वारा आईएलओ विधि के माध्यम से लेंस प्रत्यारोपण किया गया। रविवार को सभी मरीजों को दवा और चश्मा दिया गया। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भी अधिक से अधिक संख्या में मोतियाबिंद मरीजों को आंखों की रौशनी लौटाने का लक्ष्य है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से गरीब असहाय व बृद्धजनों को इस नेत्र शिविर से लाभ उठाने की बात कही। मौके पर नेत्र सहायक दयानंद ठाकुर, जय प्रकाश सिंह, अंशुमन मिश्रा, उपेंद्र कुमार, वसंती देवी, सुधा कुमारी, कुंदन कुमार, प्रतिमा कुमारी, सुदामा कुमार आदि सक्रिय रहे।

# डीएवी सेक्टर-4 में रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

बोकारो, संवाददाता




डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टरझ्4 में नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के लिए रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और मंच-अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठित अतिथियों–कुंदन कुमार (सीजीएम, टी.ए. विभाग, बीएसएल), शक्ति कुमार (डीडीएमओ, बोकारो), बी.एस. जायसवाल (वाइस चेयरमैन, एलएमसी), अनुपाल सागर (प्रिंसिपल, डीएवी इस्पात 8/बी) और ब्रह्मदेव जी (एलएमसी सदस्य)–द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ और शॉल-मोमेंटो देकर अतिथियों का स्वागत किया। करीब 400 बच्चों ने विभिन्न थीम पर आधारित आकर्षक परिधानों में शानदार प्रस्तुतियां दीं। किसी ने स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाई, तो किसी ने पशु-पक्षी, फल-सब्जी, कार्टून कैरेक्टर, पौराणिक पात्र, लजीज व्यंजन और अंतरिक्ष विषयों पर मनमोहक अभिनय किया। बच्चों की मासूम अदाओं और रचनात्मक वेशभूषा ने सभी का दिल जीत लिया। निर्णायक मंडल में सेहर बानो (प्रिंसिपल, लाइंस नर्सरी स्कूल), मानसी (प्रिंसिपल, रोटरी प्ले स्कूल) और मधुलिका (प्रिंसिपल, किरण प्ले ग्रुप) शामिल थीं। प्राचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर बीजीएच में जागरूकता रैली, निदेशक ने किया शुभारंभ

बोकारो, संवाददाता



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रविवार को बीजीएच परिसर में एचआईवी/एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डा. विभूति भूषण करुणामय द्वारा गुब्बारा उड़ाकर की गई। रैली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इंद्रनील चौधरी, बीजीएच के वरीय चिकित्सक, नर्सिंग स्कूल की छात्राएँ, कर्मचारी और स्टाफ नर्स शामिल हुए। रैली का उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम संबंधी जानकारी का प्रसार करना और समाज में भेदभाव-रहित वातावरण को बढ़ावा देना था। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम "Overcoming disruption, transforming the AIDS response" बताई गई, जिसका उद्देश्य एड्स से प्रभावित समुदायों के प्रति सही दिशा और सहयोग सुनिश्चित करना है। डा. करुणामय ने कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है, इसलिए बचाव, जागरूकता और समय पर जांच अत्यंत जरूरी है। कार्यक्रम में बताया गया कि हाथ मिलाने, साथ खाने, छींक या खांसी की बूंदों से यह संक्रमण नहीं फैलता। इसलिए संक्रमित लोगों से भेदभाव नहीं करना चाहिए और समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी सभी की है।

